नोखा में आशा देवी-केशरीचन्द गोलछा चिकित्सा केन्द्र का लोकार्पण

बीकानेर,(कासं)। घेवरचन्द्र केशरीचन्द गोलछा ट्रस्ट द्वारा नव निर्मित आशा देवी केशरीचन्द गोलछा चिकित्सा केन्द्र, अपनाघर आश्रम परिसर, नोखा गांव का लोकार्पण गुरूवार को समाजसेवी चम्पालाल डागा, मुख्य अतिथि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सचिव डॉ. पृथ्वीराज, समाजसेवी सुन्दरलाल डागा, विधायक बिहारीलाल बिश्नोई, पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास झंवर, भामाशाह केशरीचन्द गोलछा व अपनाघर आश्रम के संस्थापक डॉ. बी. एम. भारद्वाज ने किया।

समारोह की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित और ईश वन्दना से हुई। कार्यकारिणी संरक्षक किरण झंवर ने आगन्तुकों का स्वागत करते हुए अपनाघर विचारधारा के बारे में बताया। डॉ. पृथ्वीराज ने गोलछा परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि नोखा के भामाशाह हमेशा ऐसे कार्यों के लिए अग्रणी रहे हैं। उन्होंने सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं व चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की विस्तार से जानकारी दी।

विधायक बिहारीलाल बिश्नोई ने अपनाघर आश्रम की सेवाओं की सराहना करते बताया कि यहां सेवा का श्रेष्ठतम स्तर देखने को मिलता है। साथ ही सचिव डॉ पृथ्वीराज से नोखा जिला अस्पताल का निर्माण शुरू करवाने, मुकाम हिम्मटसर पर सीएचसी बनावाने व अपनाघर के इस नव निर्मित अस्पताल को पीएचसी का दर्जा दिलवाने पर जोर दिया। अपनाघर आश्रम का प्रतिवेदन अध्यक्ष बृजरतन तापड़िया ने प्रस्तुत किया।

इस मौके पर समाजसेवी चम्पालाल डागा ने घेवरचन्द केशरीचन्द गोलछा ट्रस्ट, गोहावटी के सभी सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए उनके द्वारा किए गये कार्यों का उल्लेख किया। साथ ही समता मनीषी हरिसिंह रांका की ओर से चिकित्सालय के लिए 11 लाख रूपये देने की घोषणा की।

इस अवसर पर श्रीनिवास झंवर ने गोलछा परिवार को दानवीर बताते हुए गौशाला व अन्य सामाजिक कार्यों के प्रति लगाव की भूरि-भूरि प्रशंषा की। वीरादेवी रामचन्द्र डावर ट्रस्ट से 5 लाख रूपये की राशि संचालन के लिए देने की घोषण भी की। भामाशाह

- **समता मनीषी हरिसिंह रांका की ओर से चिकित्सालय के लिए 11 लाख रूपये देने की घोषणा की**

केशरीचन्द गोलछा ने अपने ट्रस्ट से 31 लाख रूपये की राशि देने के साथ ऐसे सामाजिक कार्यों में हर वक्त सहयोग करने की बात कही।

इस मौके पर विधायक बिहारी लाल बिश्नोई द्वारा प्रभुजी व आसपास के इलाके के उपयोगार्थ भेंट की गई एम्बुलेंस का भी लोकार्पण किया गया। समारोह में डॉ. सुन्दरलाल सुराणा, डॉ. मधु तिवाडी, उपाध्यक्ष नगर पालिका, नोखा निर्मल भूरा, ईश्वर दुग्गड़ व हनुमान झंवर का अभिनन्दन गोलछा परिवार द्वारा किया गया। समारोह में उद्योगपति, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पच्चीसिया, विप्र फाउंडेशन के पवन पारीक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अबरार अहमद पंवार, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी विकास गहलोत, डॉ. श्याम बजाज, डॉ. सुनील बोथरा, डॉ. अरविन्द राजपुरोहित, पदम गोलछा, राजेन्द्र कुमार गोलछा, रमेश कुमार गोलछा सहित नोखा के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। ट्रष्ट की तरफ से निर्मल गोलछा व अपनाघर आश्रम की तरफ से सचिव रमेश कुमार व्यास ने सभी का आभार व्यक्त किया।

निष्पादन समिति की बैठक : शिक्षा अधिकारी सजग एवं नेतृत्व क्षमता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। ये विचार ब्लॉक स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी माया बजाड़ ने पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारियों को संबोधित करते हुए रखें। इस दौरान नामांकन शाला दर्पण राजस्थान में शिक्षा के बढ़ते कदम, यूनिफॉर्म, जिला रैंकिंग के बिन्दुओं, सामुदायिक शिक्षा, समावेशी शिक्षा, बालिका शिक्षा, यू डाइस, शाला सिद्धि, सहित विभिन्न विषयों पर पंचायत वार समीक्षा की गई।

पंचायत समिति सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार दड़िया ने शिक्षा अधिकारियों को समयबद्ध रहकर कार्य करने के गुर बताएं। इसी प्रकार अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश पूनिया ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण, जन आधार अपडेशन कार्य, एवं फ्लैगशिप योजनाओं के संबंध में योजनाओं के बारे में चर्चा कर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन पीईईओ, रोड़ा प्रभाकर दीक्षित ने किया।

नवनियुक्त अधिकारियों ने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए नोखा ब्लॉक में कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य करने का विश्वास दिलाया। आरपी हंसराज गोदारा, समग्र शिक्षा के दिनेश उपाध्याय, बिसारत अली ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में नोखा ब्लॉक में पदोन्नति से नव पदस्थापित प्रधानाचार्यों का सम्मान एवं स्वागत किया गया। अधिकारियों एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नवागंतुक प्रधानाचार्य का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया।

भामाशाह ने ई-रिक्शा भेंट किया

बीकानेर, (कासं)। संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन की पहल पर भामाशाह विजय बांठिया और साक्षी बांठिया ने एक ई-रिक्शा भेंट किया। संभागीय आयुक्त ने गुरूवार को यह ई-रिक्शा नगर निगम आयुक्त गोपाल राम बिड़दा को सौंपा। संभागीय आयुक्त ने बताया कि पूर्व में भामाशाहों के सहयोग से दो ई-रिक्शा नगर निगम को सौंपे गए हैं।

इनका संचालन और देखरेख नगर निगम द्वारा ही किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह दोनों ई-रिक्शा केईएम रोड क्षेत्र में वन-वे क्षेत्र में वृद्ध और असहाय लोगों के लिए चलाए जा रहे हैं। संभागीय आयुक्त ने बताया कि इस ई-रिक्शा का संचालन महिला चालक द्वारा किया जायेगा। इससे महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि 25 नवम्बर से देशभर में जेंडर इक्विलिटी अभियान प्रारम्भ किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में बीकानेर में भी यह नवाचार किया जायेगा।

इस दौरान संभागीय आयुक्त ने यह रिक्शा चलाकर इसकी शुरूआत की। इस अवसर पर अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ए. एच. गौरी, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी चेतन आचार्य मौजूद थे।

सार-समाचार

यू डाइस प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया

बीकानेर, (कासं)। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्यालय में ब्लॉक के सभी संस्था प्रधान व यू डाइस प्रभारियों को एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। ब्लॉक एमआईएस सुशील बिश्नोई ने सभी संस्था प्रधान व प्रभारियों को यू डाइस कैसे भरनी है व समस्त आंकड़ों का प्रबंधन व इनकी इंट्री यू डाइस पोर्टल पर कैसे करनी हैं की विस्तृत जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से दी। साथ ही यू डाइस में आने वाली समस्त समस्याओं को कैसे हल करना है के बारे में बताया। कार्यवाहक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजकुमार जाखड़ ने सभी संस्था प्रधानों को शाला दर्पण अपडेट रखने व विभाग द्वारा मांगी जाने वाली सभी आवश्यक सूचना समय पर उपलब्ध करवाने की बात कही। जाखड़ ने पंचायत सहायक के आवेदन जमा करवाने के लिए आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम में राउमावि मोतीगढ़ के कार्यवाहक संस्था प्रधान मोहर सिंह सलावद, यू डाइस प्रभारी हरिप्रकाश बिलबान, शिवनगर संस्था प्रधान पन्नालाल, प्रभारी तेजपाल कोडेचा, गजेन्द्र राइका, केला से चरणसिंह, प्रियंका सुथार, सियासर पंचकोसा से रतिराम जाखड़, डंडी से रोहित स्वामी, आडूरी से प्रदीप कुमार शर्मा, रामनगर से राजेन्द्र प्रसाद, सुषमा राजासर भाटियान, लक्ष्मी नारायण, पारीक थारूसर से हेतराम मुंड, महादेव वाली से मांगीलाल, छतरगढ़ से शनिम गर्ग, हीरालाल सहित सभी संस्था प्रधान व यू डाइस प्रभारी प्रशिक्षण में मौजूद थे।

59 वां शैक्षिक सम्मेलन आज से

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत का 59 वां दो दिवसीय राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन बीकानेर में होगा। जिसमें प्रदेश भर के हजारों शिक्षक भागीदारी निभायेंगे। पत्रकारों को सम्मेलन की जानकारी देते हुए प्रदेशाध्यक्ष महावीर सियाग ने बताया कि 25 व 26 नवम्बर को सादुल स्पोर्ट्स स्कूल में आयोजित इस सम्मेलन में प्रदेशभर से दस हजार के करीब शिक्षक शामिल होंगे। जो सरकार द्वारा लागू नई शिक्षा नीति राज्य में शिक्षकों पर अध्यापन, अन्य कार्यभार शिक्षा के निजीकरण और शिक्षकों के वेतन भत्तों में विसंगति सहित कई मुद्दों को लेकर मंथन करेंगे। दो दिवसीय इस सम्मेलन में नई शिक्षा नीति की कमियों, हमें केवल पढ़ाने दो, सरकार की ओर से बनाई जा रही नीतियों पर विषय विशेषज्ञ अपनी बात रखेंगे। सियाग ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान स्टेट एग्रो इडस्ट्री डवलममेंट बोर्ड के अध्यक्ष रामेश्वर डूडी व पूर्व गृह राज्य मंत्री वीरेन्द्र बेनीवाल उपस्थित रहेंगे। बाहर से आने वाले शिक्षकों को सादुल स्पोर्ट्स स्कूल, महारानी स्कूल सहित अन्य स्थानों पर ठहराया जायेगा। इस दौरान तकनीकी सत्रों में मुख्य वक्ता के रूप में जेएनयू के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर सुरजीत मजूमदार देश में लागू की गई नई शिक्षा नीति के ड्राफ्ट तथा राष्ट्रीय भारतीय कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा सरकारी नीतियों पर अपना व्याख्यान देंगे। सम्मेलन को लेकर तैयारियों पूरी कर ली गई है। पत्रकार वार्ता में महामंत्री उपेन्द्र शर्मा, प्रदेश मंत्री श्रवण पुरोहित, जिलाध्यक्ष भंवर पोटलिया, जिला मंत्री शिवशंकर गोदारा भी मौजूद रहे।

मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया

चिड़ावा, (नि.सं.)। नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड पांच में पार्षद के निधन से खाली हुई सीट पर मतदान शुक्रवार को होगा। इसको लेकर निर्वाचन विभाग की ओर से तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया हैं। आज निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में मतदान दल को चुनाव पूर्व प्रशिक्षण दिया गया। निर्वाचन अधिकारी संदीप चौधरी ने निष्पक्ष चुनाव के लिए आचार संहिता और चुनाव नियमावली की जानकारी दी और वोटिंग नियमों के बारे में विस्तार से बताया। निर्वाचन विभाग के सुरेन्द्र कुमार ने मतदान केंद्र की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। निर्वाचन के लिए गठित मतदान दल में व्याख्याता राजवीर सिंह, व्याख्याता सुनील कुमार, वरिष्ठ अध्यापक अभय सिंह, शशिकांत शर्मा, विजय कुमार डांगी, अध्यापक राघवेंद्र कृष्ण त्रिपाठी, वरिष्ठ सहायक दीपक पारीक और कनिष्ठ सहायक राजेश कुमार शामिल हैं। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम संदीप चौधरी ने बताया की वार्ड पांच के उप चुनाव में निर्वाचन के लिए मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है। कॉलेज फील्ड के पास सोलंकी मंदिर में मतदान केंद्र बनाया गया है। यहां सुबह आठ से शाम पांच बजे तक मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे। मतदान ईवीएम मशीन के माध्यम कर सकेंगे। एसडीएम ने निष्पक्ष मतदान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बड़े भाई को ऑडियो मैसेज भेजकर नहर में कूद जान दी

बीकानेर,(कासं)। एक भाई ने अपने बड़े भाई को ऑडियो मैसेज भेजा और उसके कुछ देर बाद नहर में छलांग लगा सुसाइड कर लिया।

इससे पहले वह घर से यह कहकर निकला था कि उसके दोस्त का एक्सीडेंट हो गया है। इधर ऑडियो मैसेज मिलने के बाद जब बड़े भाई ने छोटे भाई से कॉन्टैक्ट करने की कोशिश की तब तक वह सुसाइड कर चुका था। मामला बीकानेर के खाजूवाला का गुरूवार शाम करीब 5 बजे का है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत 14 बीडी निवासी 18 वर्षीय राजसिंह पुत्र पूर्ण सिंह जाति रायसिख ने पूंगल थाना क्षेत्र के इंदिरा गांधी नहर की 682 आरडी नहर में छलांग लगा दी। नहर में कूदने से पहले उसने बड़े भाई इकबाल सिंह (20) को वॉट्सएप पर ऑडियो मैसेज भेजा कि सॉरी भाई मैं जिंदगी से अब अलविदा होता हूं... आप मां का खयाल रखना, मैं सुसाइड कर रहा हूं।

- **घर से यह कहकर निकला कि दोस्त का एक्सीडेंट हो गया, रोडवेज बस को रुकवा नहर में छलांग लगाई**

राज सिंह को नहर में कूदते हुए गोल गप्पे बेचने वाले एक व्यक्ति ने देख लिया था। राज सिंह जैसे ही कूदा उसने हल्ला मचा दिया। लेकिन तब तक राजसिंह नहर में बहकर आगे जा चुका था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन अंधेरा हो चुका था। गुरूवार सुबह दोबारा राज सिंह के शव की तलाशी शुरू कर दी है। राज सिंह गांव में ही एक लैब पर काम करता था। बुधवार शाम करीब 4 बजे वह घर से ये कहकर निकला था कि एक दोस्त का श्रीगंगानगर में एक्सीडेंट हो गया है। जबकि वह श्रीगंगानगर जाने की बजाय आरडी 682 पर पहुंच गया। राज सिंह के पिता ट्रैक्टर ठीक करने का काम करते हैं। राजसिंह का भाई श्रीगंगानगर में पढ़ाई कर रहा है।

बताया जा रहा है कि वह रोडवेज बस से निकला था। नहर के पास राजसिंह ने रोडवेज बस को नहर के पास रूकवाया था। इसके बाद बड़े भाई को ऑडियो मैसेज भेजा और छलांग लगा दी। बहाव तेज होने के कारण भी अब राजसिंह को ढूंढने में परेशानी हो रही है। पूगल सीआई विकास विश्नोई मौके पर पहुंचे और पड़ताल शुरू कर दी। 14 बीडी के सरपंच राजाराम कस्वां परिजनों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। अंधेरा होने व नहर में पानी का बहाव तेज होने पर शव का कोई पता नहीं चल पाया। बीकानेर में नहर में कूदकर जान देने के मामले एक बार फिर बढ़ने लगे हैं। पिछले दिनों बीकानेर के मुक्ता प्रसाद नगर में रहने वाले एक शख्स ने बिरधवाल हेड पर जाकर सुसाइड की तो एक महिला ने श्रीकोलायत सरोवर में कूदकर अपनी जान दे दी।

बिजली चोरी पकड़ी

श्रीगंगानगर,(कासं)। विद्युत विभाग की ओर से बिजली चोरी रोकने के लिए 23 और 24 नवम्बर को जिला स्तर पर सतर्कता जांच दिवस के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान 165 स्थानों से बिजली चोरी पकड़ी गई।

विभाग के प्रावै. सा. अभियंता अधीक्षण अभियंता (वितरण) आरपी वर्मा ने बताया कि गंगानगर वृत्त के 5 अधिशासी अभियंता, 18 सहायक अभियंता और 54 कनिष्ठ अभियंताओं द्वारा संपूर्ण जिले में छापामारी की गई। इस दौरान 165 जगह बिजली चोरी पकड़ी गई।

अधीक्षण अभियंता एल. एस. मान ने बताया कि भविष्य में भी यह अभियान समय-समय पर चलाया जायेगा। जुर्माना राशि नहीं जमा करवाने पर विद्युत चोरी निरोधक थाने में एफआईआर दर्ज करवाई जायेगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे बिजली चोरी की सूचना उपभोक्ता सेवा केन्द्र के टोल फ्री नंबर 1800-180-6045 पर दें, जिससे निगम बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवा सके।

पत्नी के प्रेमी की हत्या करने वाला गिरफ्तार

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के केसरीसिंहपुर थाना क्षेत्र के गांव सात डब्लयू में युवक की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी की पत्नी मृतक के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहती थी। इससे वह नाराज था। 21 नवम्बर को अपने कुछ साथियों के साथ गांव सात डब्लयू में मृतक के घर पहुंचा और युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी। आरोपी गुरजीत सिंह उर्फ दुल्ला की पत्नी प्रवीण कौर पिछले करीब छह-सात महीने से मृतक गुरमेल सिंह के साथ लिव इन रिलेशन में रह रही थी।

गुरमेल सिंह मिट्टी की ट्रैक्टर-ट्रॉली चलाने जैसे काम करता था। जबकि गुरजीत वहां ट्रॉलियों से अनलोडिंग करवाता था। इसी दौरान प्रवीण कौर और गुरमेल सिंह में मुलाकात हुई। बाद में प्रवीण कौर गुरमेल सिंह के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगी। इससे उसका

- **लिव-इन-रिलेशन में रह रहे थे दोनों, महिला ने भागकर जान बचाई थी**

पति गुरजीत सिंह नाराज था। इसी नाराजगी के चलते उसने 21 नवम्बर सुबह घर में घुसकर गुरमेल सिंह पर हमला कर दिया। इस दौरान प्रवीण कौर पर भी हमला करने का प्रयास किया गया लेकिन वह मौके से भाग गई। हमले में गुरमेल सिंह बुरी तरह घायल हो गया। उसे श्रीगंगानगर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। रायसिंहनगर एएसपी बनवारीलाल मीणा, श्रीकरणपुर सीओ सुरेंद्र सिंह और केसरीसिंहपुर एसएचओ गोपाल सिंह की देखरेख में टीम बनाई गई। टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

आग लगने से साढ़े छह लाख का नुकसान

नोखा, (निसं)। नोखा के कक्कू गांव के एक घर में आग लग गई। जिससे करीब साढ़े छह लाख रूपये का नुकसान हो गया।

कक्कू गांव के सरपंच हेमेन्द्र सिंह बिदावत ने बताया कि कक्कू गांव के प्याऊ भाटियों की ढाणियों निवासी भवानी सिंह की ढाणी में अज्ञात कारणों से आग लग गई। ढाणी में रखे ग्वार, मोठ, बाजरी, तिल, मूंग, पशुओं का चारा, सोने व चांदी के आभूषण व नगदी रूपये जलकर राख हो गए।

साथ ही लपटों से उसकी पत्नी भी झुलस गई। जिसका प्राथमिक उपचार करवाया गया। सरपंच ने बताया कि ढाणी पूरी जलकर राख हो गई। जिसमें अनुमानित साढे छह लाख रूपये का सामान जलकर राख हो गया।

वहीं आग को पानी के टैंकर की सहायता से बुझाया गया। मौके पर हेमेंद्र सिंह, हितेश पारीक, जेती सिंह, छोटूलाल नायक, भंवरराम नायक व अन्य ग्रामीण पहुंचे और आग को काबू करने का प्रयास किया।

कक्कू गांव में ढाणी में आग से नगदी 40 हजार रूपए, जेवरात सोने के 50 ग्राम, चांदी पायल व अन्य सामान 500 ग्राम, अनुमानित राशि साढे तीन लाख रूपए, ग्वार दो क्विंटल, मोठ 4 क्विंटल, बाजरी 15 क्विंटल, मूंग 2 क्विंटल, तिल 2 क्विंटल, पशुचारा, बर्तन, बिस्तर सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया व आग से करीब साढ़े छह लाख रूपए का कुल नुकसान हुआ है।

चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा

नोखा, (निसं)। नोखा थाना क्षेत्र के हरिहर पुर गांव में धर्मेन्द्र चौधरी के घर से सुबह सामान चुरा कर भाग रहे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।

मकान मालिक धर्मेन्द्र चौधरी ने बताया कि काराकाट थाना क्षेत्र के दुआरी गांव निवासी कमलेश पासवान जिसका ससुराल नोखा थाना क्षेत्र रामपुर गांव में है। मौका पाकर बगल के गांव हरिहरपुर में धर्मेन्द्र चौधरी के घर में चोरी के नियत से रात्रि घुस गया। मकान मालिक के घर की सभी महिलाएं शौच के लिए गई हुई थी। गृहस्वामी जब जागे तो चोर भागने का प्रयास किया। जिस पर मकान मालिक के हल्ला सुन ग्रामीण भी पहुंच गाए। जिस पर चोर भागने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

पदमपुर नगर पालिका के वार्ड नंबर 21 का उपचुनाव स्थगित

श्रीगंगानगर, (कासं)। श्रीगंगानगर जिले के पदमपुर नगर पालिका के वार्ड नंबर 21 में उपचुनाव को स्थगित कर दिया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ स्वामी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सचिव राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार पदमपुर नगर पालिका के वार्ड नंबर 21 के उप चुनाव की मतदाता सूची तैयार करने में आयोग के निर्देशों की पालना में सावधानी नहीं बरती गई। इस विधानसभा की मतदाता सूची जिसका अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी को किया गया है। इसके डेटाबेस को आधार नहीं बनाया गया।

इस कारण उक्त नगर पालिका के

- **त्रुटिपूर्ण मतदाता सूची तैयार करने वाले कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिये गए हैं**
- **वार्ड संख्या 21 के उपचुनाव की मतदाता सूची त्रुटिपूर्ण तैयार की**

वार्ड संख्या 21 के उपचुनाव की मतदाता सूची त्रुटिपूर्ण तैयार की गई। प्रकरण में निर्वाचन की शुद्धता, पारदर्शिता को दृष्टिगत रखते हुए आयोग द्वारा नगर पालिका पदमपुर के वार्ड संख्या 21 के उप चुनाव हेतु अब तक संपन्न हुई प्रक्रिया को निरस्त घोषित किया गया है। स्वामी ने बताया कि साथ ही उक्त वार्ड के सदस्य के उप चुनाव हेतु जारी की गई लोक सूचना को तुरंत प्रभाव से प्रत्याहरित करने के निर्देश दिए गए हैं।

आयोग के निर्देशानुसार अब चुनाव की मतदाता सूची की जांच कर सूची को शुद्ध किया जायेगा। त्रुटिपूर्ण मतदाता सूची तैयार करने हेतु दोषी कर्मचारी/अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

लॉ कॉलेज में व्याख्यान माला आयोजित

बीकानेर,(कासं)। राजकीय विधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राज्य सरकार तथा आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के आदेश की पालना करते हुए राज्य सरकार द्वारा निर्मित राज्य महिला नीति 2021 के तहत कराये जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की श्रंखला में विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता डॉ ललित कुमार वर्मा सहायक आचार्य इएएफएम विभाग राजकीय डूंगर महाविद्यालय ने बताया कि देश का विकास मुख्य रूप से अर्थव्यवस्था पर आधारित है तथा अध्ययन की दृष्टि से देश की अर्थव्यवस्था को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है। उन्होंने अपने व्याख्यान के दौरान स्वयं सहायता समूहों के निर्माण कार्यकर्ता के रूप में केन्द्रीय सरकार की अन्य योजनाओं के संबंध में अवगत करवाया।

इसके साथ ही उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म लघु तथा मध्य उद्योगों की मुख्य भूमिका के संबंध में विद्यार्थियों से चर्चा की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ भगवानाराम बिश्नोई ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसी महिलाएं जो एक समान सामाजिक परिवेश की हो वे स्वयं सहायता समूहों का निर्माण कर सकती है। युवा पीढ़ी सूक्ष्म व् लघु उद्योगों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकती है। राज्य महिला नीति की नोडल अधिकारी एवं महाविद्यालय की सहायक आचार्य मीनाक्षी कुमावत ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि विधि के विद्यार्थियों को स्वयं सहायता समूहों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

राज्य स्तरीय स्कूली साईक्लिंग प्रतियोगिता में बीकानेर टीम ने जीते 16 पदक

बीकानेर,(कासं)। 66 वीं राज्य स्तरीय स्कूली साईक्लिंग 17 से 19 वर्ष आयु वर्ग प्रतियोगिता गुरूवार को रायसिंहनगर में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में बीकानेर की टीम ने 8 गोल्ड 7 रजत तथा 1 कांस्य सहित कुल 16 पदक जीत कर चैम्पियनशिप पर कब्जा जमाया।

दल संयोजक व साइक्लिंग कोच राधा किशन छंगाणी ने बताया कि टाइम ट्रायल मुकाबलों में 19 वर्ष वर्ग में छात्र सुनील गाट ने स्वर्ण तथा दिनेश गोदारा ने रजत पदक 17 वर्ष वर्ग में छात्र बजरंग ने स्वर्ण तथा दिनेश गाट ने रजत पदक हासिल किया। लड़कियों के 19 वर्ष वर्ग में रिंकू भाम्भू ने स्वर्ण तथा सन्तोष ने रजत पदक, 17 वर्ष वर्ग में शिवानी ने स्वर्ण तथा निकिता ने रजत पदक प्राप्त किया। बीकानेर से प्रतियोगिया निर्णायक दलीप सिंह भाटी ने बताया कि मास स्टार्ट स्पर्धाओं में 19 वर्ष वर्ग में लाभचंद सुथार ने स्वर्ण तथा अनिल कूकणा ने रजत पदक, 17 वर्ष वर्ग में रामअवतार ने गोल्ड व अभिषेक ज्याणी ने रजत पदक प्राप्त किया। छात्रा 19 वर्ष वर्ग में भगवती भादू ने स्वर्ण पदक तथा मूली सियाग ने रजत पदक प्राप्त किया। वहीं 17 वर्ष

- **बीकानेर ने साईक्लिंग रोड रेस प्रतियोगिता की चैम्पियनशिप जीती**

वर्ग में पूजा बिश्नोई ने स्वर्ण पदक तथा जयपुर की दिया बिश्नोई ने रजत और भगवती मायला बीकानेर ने कांस्य पदक जीता।

चयन समिति संयोजक राधा किशन छंगाणी ने बताया कि प्रतियोगिया के सफल आयोजन में बीकानेर के कोच महेन्द्र बिश्नोई और विजय के अथक प्रयासों से बीकानेर ने साईक्लिंग रोड रेस प्रतियोगिता की चैम्पियनशिप जीता।

इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिये बीकानेर के रैफरी दलीप सिंह भाटी, राजेश कुमार सेवग, राजेन्द्र पड़िहार, किशोर सिंह, युगल राव, पवन कुमार ने भी महत्पूर्ण योगदान दिया। कुल 300 प्रतियोगियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। विदिति रहे कि साईक्लिंग का अगला ट्रैक इवेंट सवाई मान सिंह वेलोड्रम जयपुर में 27 नवम्बर से आयोजित होगा।

ईमानदारी की मिसाल, जेब से गिरे 50 हजार रूपये लौटाए

सूरतगढ़, (कासं)। सूरतगढ़ के समीप गांव मानकसर के एक किसान के 50 हजार रूपए लौटाकर एक शख्स ने आज के इस युग में भी ईमानदारी की मिसाल पेश की है।

जानकारी के अनुसार मानकसर गांव का किसान मांगीलाल बिश्नोई सूरतगढ़ के एक बैंक से दोपहर फसल बेचान के 50 हजार रूपए लेकर अपने गांव की ओर रवाना हुआ था। शहर के नए बस स्टैंड के पास मांगीलाल की जेब से यह रूपए गिर गए। हालांकि किसान मांगीलाल ने इसकी इधर-उधर तलाश भी की मगर निराशा हाथ लगी। इसके बाद रूपए गिरने की घटना का सोशल मीडिया पर मोबाइल नम्बर समेत मैसेज वायरल किया गया। कई घंटों की तलाश के बाद शाम होते-होते मांगीलाल को सूरतगढ़ निवासी सोमवीर सिहाग नामक एक युवक ने फोन करके बताया कि उसके 50 हजार रूपए उनके पास है, वे इन्हें प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद किसान मांगीलाल अपने साथी और मानकसर गांव के बिश्नोई मंदिर के अध्यक्ष सीताराम गोदारा को लेकर सोमवीर सिहाग के पास पहुंचे तथा अपने 50 हजार रूपए प्राप्त किए।

सोमवीर ने बताया कि यह रूपए बाजार में उसके दोस्त ओमप्रकाश बघेल को पड़े हुए दिखाई दिए तो उसने इसे उठाकर संबंधित व्यक्ति की आसपास तलाश भी की, लेकिन उसे इसके मालिक का पता नहीं लगा।

NAME CHANGE

I have changed my name from HEMANT KUMAR to HEMANT KHATRI for all purposes R/o 1-D-37 Pawanpuri Near Shiv Mandir Bikaner (Raj.)

कार्यालय नगर विकास न्यास, बीकानेर

क्रमांक:-न्यास/डी.टी.पी/2022-23/15007 दिनांक:-24/11/2022

विज्ञप्ति

कार्यालय नगर विकास न्यास, बीकानेर में निम्नलिखित भूखण्ड का जोनल प्लान जोन ए के अनुसार उक्त भूमि का भू-उपयोग मिश्रित भू-उपयोग हेतु दर्शित है। जिसमें आवेदक द्वारा उक्त भूमि का आवासीय से व्यवसायिक में भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है। यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति/सूझाव देने हो तो वे विज्ञप्ति प्रकाशन होने की तिथि से 15 रोज में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें, बाद अवधि में कोई उज्र/एतराज स्वीकार नहीं होगा।

क्र.सं.	नाम आवेदक	ग्राम/खसरा सं./योजना/भू.सं.	क्षैत्रफल	वर्तमान भू-उपयोग	चाहा गया भू-उपयोग
1.	श्रीमती रामरखी देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश कच्छावा	किसमीदेसर खसरा नं.75/175	333.33 वर्गगज	आवासीय	व्यवसायिक

सचिव नगर विकास न्यास बीकानेर